# कृषक उन्नति योजना के तहत छत्तीसगढ़ के किसानों को नकद हस्तांतरण

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों, मुख्य रूप से धान की खेती करने वालों को इनपुट सहायता प्रदान करने के लिये **'कृषक उन्नति योजना'** शुरू की और योजना के तहत **2.472 मिलियन किसानों को 13,320 करोड़ रुपए** जारी किये।

## मुख्य बिंदु:

- वर्ष 2023-24 खरीफ सीज़न के लिये धान की खरीद 1 नवंबर से 4 फरवरी के बीच हुई थी और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2.4 मिलियन से अधिक किसानों से लगभग **145 लाख मीट्रिक टन (MT) धान खरीदा गया था।**
- सामान्य ग्रेड धान के लिये MSP 2183 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड A धान के लिये 2203 रुपए था।
- MPS से अंतर की राशि किसानों को 917 रुपए प्रति क्विंटल की दर से इनपुट सहायता के रूप में दी गई।
- राज्य सरकार ने दिसंबर 2023 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर किसानों को दो वर्षों (2014-15 और 2015-16) के लिये 3,716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस भी दिया।

**नोट**: धान की खरीद मूल्य तय करने और मिलिंड चावल के व्यापार के लिये चावल की किस्मों को आकार लंबाई: चौड़ाई (L:B अनुपात) के आधार पर **'ग्रेड A' तथा 'सामान्य' के रूप में वर्गीकृत** किया जाता है।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य

# Minimum Support Price (MSP)

***वह दर जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है; किसानों द्वारा वहाँ किये गए उत्पादन लागत के कम-से-कम 1.5 गुणा की गणना के आधार पर***

- **सिफारिश:**
- **'कृषि लागत और मूल्य आयोग' (CACP)** द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा **गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।**
- **22 अधिदिष्ट फसलें :**
  (14 खरीफ, 6 रबी और 2 अन्य वाणिज्यिक फसलें)
- **7 अनाज**- धान, गेहूँ, जौ, ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी
- **5 दालें**- चना, अरहर/तूर, मूंग, उड़द और मसूर
- **7 तिलहन**- मूंगफली, सफेद सरसों/सरसों, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, कुसुंभ और रामतिल
- **कच्चा कपास**
- **कच्चा जूट**
- **नारियल/गरी (कोपरा)**

***MSP वह मूल्य है जिस पर सरकार को किसानों से अधिदिष्ट फसलों की खरीद करनी होती है, यदि बाजार मूल्य इससे कम हो जाता है***

- **MSP की सिफारिश में प्रयुक्त कारक:**
  - फसल की खेती में आने वाली लागत
  - फसल के लिये आपूर्ति एवं मांग की स्थिति
  - बाजार मूल्य प्रवृत्तियाँ
  - अंतर-फसल मूल्य समता
  - उपभोक्ताओं के लिये निहितार्थ (मुद्रास्फीति)
  - पर्यावरण (मिट्टी तथा पानी के उपयोग)
  - कृषि एवं गैर-कृषि क्षेत्रों के बीच व्यापार की शर्तें
  - MSP की सिफारिश करते समय **CACP** द्वारा **'A2+FL'** और **'C2'** दोनों लागतों पर विचार किया जाता है।
  - **MSP का कोई वैधानिक समर्थन प्राप्त नहीं है - कोई भी किसान अधिकार के रूप में MSP की मांग नहीं कर सकता है**

दृष्टि The Vision

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-government-transfers-funds-under-krishak-unnati-scheme